# स्टेट हाईवे 44 पर किसानों ने लगाया जाम

## मूंग उपार्जन केंद्र में जगह की कमी होने से आक्रोशित हो गए किसान



एसडीएम पीसी शाक्य ने बताया कि डुंगरिया स्थित पटेल वेयर हाउस को मूंग उपार्जन केंद्र बताया गया है जहां शुक्रवार को जगह की समस्या के चलते नाराज किसानों ने हाइवे पर बैठ कर जाम लगा दिया. मौके पर पहुंच कर किसानों से चर्चा की गई . चर्चा से संतुष्ट किसानों ने जाम को समाप्त किया .

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी 18 जुलाई. स्टेट हाइवे 44 स्थित पटेल वेयर हाउस के सामने किसानों ने जाम लगा दिया . जाम लगने से मार्ग के दोनो तरफ वाहनों की कतार लग गई. मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों से बात कर जाम को समाप्त कराया. जाम समाप्त होने से यातायात सुचारु हो सका. यहां पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.**

जानकारी के अनुसार डुगंरिया स्थित वेयर हाउस जिसे कि मूंग उपार्जन केंद्र बनाया गया है. जहां कि बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर- ट्रालियों में भर कर मूंग ला रहे है. बताया जा रहा है कि वेयर हाउस परिसर में वाहनो की संख्या अधिक होने से किसानो को आवागमन में परेशानी हो रही थी जिससे किसान आक्रोशित हो गए तथा स्टेट हाईवे 44 सिलवानी- उदयपुरा मार्ग पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया.

जाम लगने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई. जानकरी मिलने पर एसडीएम पीसी शाक्य, एसडीओपी अनिल मौर्य, तहसीलदार सुधीर शुक्ला मौके पर पहुंचे तथा किसानों से बात की. अधिकारियो की समझाइश पर किसानों ने जाम को समाप्त कर दिया.

# जनपद बेगमगंज को मिली बड़ी सौगात

## 5 .25 करोड़ की लागत से बनेगा जनपद भवन

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 18 जुलाई. भाजपा नेता, जनपद अध्यक्ष रुचि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा नए भवन निर्माण का बीड़ा उठाते हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह से की गई निरंतर मांग पर उनके द्वारा लिए गए दृढ़ संकल्प और सतत प्रयासों के फलस्वरूप बेगमगंज जनपद पंचायत के नवीन भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपये की लागत से बनने की सौगात मिली है.**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा उक्त मांग मंजूर किए जाने के बाद विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है.

जिससे लंबे समय से लंबित यह जनहितकारी मांग अब मूर्तरूप लेने जा रही है. नवीन भवन निर्माण से न केवल जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी 65 ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि ग्रामीणों को एक सुव्यवस्थित, सुसज्जित और आधुनिक सुविधायुक्त भवन मिलेगा. यह महत्वपूर्ण उपलब्धि रामपाल सिंह द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान तथा ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के समक्ष बार-बार इस मांग को प्राथमिकता से रखने के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है.



क्षेत्रवासियों एवं सभी 65 ग्राम पंचायतों के सरपंचों , उप-सरपंचों , पंचों एवं जनपद सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विकास पुरुष एवं जननेता बताते हुए , जनभावनाओं के सच्चे संवाहक ओर हर समय क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए सक्रिय रहने वाला सच्चा हितैषी बताया. इस उपलब्धि पर शुक्रवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने रामपाल सिंह पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया.

# विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति जागरुकता रैली

**नवभारत न्यूज**

**देवरी (रायसेन), 18 जुलाई. देवरी नगर में, थाना प्रभारी जयदीप सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरुकता रैली निकाली. इस रैली मे स्कूलों के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और देश को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर नगर में नशा मुक्ति अभियान जागरुकता रैली निकाल कर, लोगों को जागरूक किया. और सभी से नशा न करने की अपील की.**

यह जन जागरुकता रैली थाना परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन:थाना प्रांगण पहुंची, जहां छात्र-छात्राओं ने थाने की कार्यप्रणाली देखी और कानून के विषय में थाना प्रभारी से जानकारी ली . उन्होंने पूछा कि किसी अपराध की सजा में कौन सी



धारा लगती है .थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया ने भी सभी छात्र एवं छात्राओं को कानून की जानकारी दी और कहा कि पुलिस हमेशा आप सबकी सहायक होती है, ना कि पुलिस आपकी दुश्मन, कभी भी कोई भी ऐसी घटना अगर आपके साथ होती है तो आप नि:संकोच होकर पुलिस थाने में आकर बता सकती हो . जिससे पुलिस आपकी मदद कर सके . इस मौके पर समस्त पुलिस स्टाफ के साथ-साथ, नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी, नगर सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पंडित रामनाथ जोशी, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य संजू रैकवार, विशाल बाथरे, मचलके, नरेंद्र राजपूत, अन्य समाजसेवी इस नशा मुक्ति अभियान रैली में सम्मिलित हुए .

**इनका कहना है . . .**

नशामुक्ति जनजागरुकता रैली 15 जुलाई से होकर 30 जुलाई तक चलेगी इसका उद्देश्य लोगों को, समाज को, नशे से बचाना है. नशा करने से लोगों के साथ-साथ समाज भी खोखला हो जाता है.

**-जयदीप सिंह भदोरिया, थाना प्रभारी**

# भोजपुर में सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**रायसेन, 18 जुलाई.** जिले के थाना ओबेदुल्लागंज पुलिस चौकी भोजपुर के तहत बीती रात भोजपुर में ही एक सीआरपीएफ के जवान मुकेश सिलावट के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया.चोर गिरोह द्वारा मेनगेट का ताला तोड़कर खिड़की के ग्रिल को तोड़कर घुस गया.कमरे में रखी गोदरेज के लॉकअप के रॉड से ताले चटखाकर उसमें रखा करीब 10 तोला सोना सहित चांदी के जेवरात ले गए. ओबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि भोजपुर में सीआरपीएफ के जवान मुकेश सिलावट का मकान सूना था. जवान मुकेश सिलावट अपने परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन पूजन करने के लिए उज्जैन गए थे. वापस घर लौटने पर चोरी होने के बारे में पता चला.

# एक माह से नपा में सीएमओ और इंजीनियर नहीं

## बेगमगंज नगर में 12 करोड़ के विकास कार्य ठप

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 18 जुलाई. नगर के सभी 18 वार्डों में चल रहे विकास कार्य पिछले एक माह से बंद पड़े. सीएमओ कृष्णकांत शर्मा एवं सब इंजीनियर अभिषेक मालवीय स्थानांतरण कराकर चले गए हैं. दोनों पद अभी तक रिक्त हैं.**

डेढ़ वर्ष पहले सिविल इंजीनियर संजय तिवारी ने अपना अटैचमेंट भोपाल करा लिया था . भोपाल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अभिषेक मालवीय बेगमगंज आ गए थे और उन्हें तिवारी का प्रभार उन्हें दिया गया था और पिछले डेढ़ वर्ष से वह निर्माण कार्यों को देख रहे थे. जबकि उन्हें निर्माण कार्यों का कोई अनुभव नहीं था. जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रिकल इंजीनियर लंबे समय तक सिविल



कार्यों को संपादित नहीं कर सकता. इस दौरान नगर में करोड़ों के निर्माण कार्य हुए और अभी भी हो रहे हैं. इनमें 8 करोड़ की जलावर्धन योजना भी शामिल है. सब -इंजीनियर मालवीय के स्थानांतरित होने के बाद आज तक उनके स्थान पर किसी की भी पदस्थापना नहीं होने से नगर में चल रहे करीब 12 करोड़ के सभी विकास कार्य ठप हो गए हैं. नगर की सबसे महत्वपूर्ण जलावर्धन योजना का उल्टा-पुल्टा कार्य बिना इंजीनियर की देखरेख के चल रहा है. संबंधित ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर रहा है.

नगर पालिका की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के नहीं होने से नगरपालिका परिषद की गति लगभग रुक गई है. सड़कों , शौचालयों एवं अन्य विकास कार्य आधे-अधूरे पड़े हैं. संबंधित ठेकेदारों को बहाना मिल गया है कि कोई नहीं तो काम किसके सुपरविजन में करें .

वहीं विभिन्न कार्यों से नगरपालिका कार्यालय आने वाले नागरिकों के भी कोई काम नहीं हो पा रहे हैं . परिषद की बैठक नहीं हो पा रही है तो अत्यंत आवश्यक कार्यों में नामांतरण प्रकरण , जरूरी भुगतान बिल, विकास कार्यों के बिल एवं अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति भी नही हो पा रही है . नगर की पेयजलापूर्ति भी प्रतिदिन बाधित हो रही है .

# हरदा की घटना के विरोध में क्षत्रियों ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 18 जुलाई. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बेगमगंज- सुल्तानगंज के द्वारा हरदा जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा राजपूत समाज की छात्रावास में बच्चियों पर किए गए लाठी चार्ज एवं करणी सेना के शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगो पर बर्बरता पूर्ण अत्याचार के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को दिया.**

क्षत्रिय महासभा के दर्जनों कार्यकर्ता हरदा पुलिस के खिलाफ नारे लगाते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम सौरभ मिश्रा को दिए गए ज्ञापन में 12 जुलाई को हरदा जिले में राजपूत समाज के छात्रावास में बच्चियों पर लाठीचार्ज का विरोध एवं



शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के लोगों पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए अत्याचार का तीखा विरोध करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस की बर्बरता से करणी सैनिकों को गंभीर चोटें आई हैं और करणी सेना के वाहनों को पुलिसकर्मियों द्वारा छतिग्रस्त भी किया गया है . इसके अतिरिक्त छत्रिय समाज के छात्रावास में रह रही छात्राओं को पुलिस प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज करके अमानवीय कृत्य किया है .

# दिव्यांग छात्रावास में किया वृक्षारोपण

**रायसेन, 18 जुलाई.** नगर पालिका रायसेन द्वारा संचालित हरित क्रांति महा अभियान के अंतर्गत शहर में निरंतर वृक्षारोपण किया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 11 स्थित दिव्यांग छात्रावास में पौधारोपण किया गया.

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद नेहा आदित्य चावला, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद कैलाश ठाकुर, वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद किरण राज किशोर सोनी, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव, सिटी मैनेजर रानी तिवारी, शिक्षा विभाग की उपसंचालक मोनिका पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक एवं छात्रावास स्टाफ उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया.

# सत्य कभी परेशान नहीं होता : मुनिश्री साक्ष्य सागर

## पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिद्वय के हो रहे प्रवचन



**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 18 जुलाई. जीव वर्तमान मे संसार रूपी सागर में भटक रहा हैं क्योकि वह सत्य को सत्य मानने के लिए तैयार ही नहीं हो पा रहा हैं. सत्य कभी परेशान नहीं हो सकता. सत्य ढाई अक्षर का शब्द हैं लेकिन इसका प्रभाव किसी भी ताकत से ज्यादा है. सत्य को ना मानने वाला संसार में भटक रहा है.**

यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को समाजजनो को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. सुबह के समय समाजजनो के द्वारा मंदिर में श्रीजी की पूजन, अभिषेक, शांतिधारा आदि अनुष्ठान किए. उन्होने बताया कि मोक्ष रूपी महल को प्रत्येक श्रावक पाना चाहता है,उस महल को प्राप्त करने के लिए श्रद्धा की नींव में गहराई होना जरुरी हैं, जब तक श्रद्धा की गहराई नही होगी तब तक मोझ की कामना दिवा स्वप्न रहेगी. मिथ्यावादी जीव अपने मिथ्या वचनों से सहज, सरल, भोले भाले व्यक्तियों को प्रलोभन देकर अपना काम निकालते हैं.

मुनि निवृत्त सागर ने कहा कि भगवान जन्म मरण से रहित रहते हैं. बल्कि वह किसी को भय नही दिखाते है. उन्होंने बताया कि जिन मंदिर जाते समय श्रावक को हाथ खाली नहीं रहना चाहिए. उसके हाथो में उच्च दृव्य होना चाहिए जो कि भगवान के चरणो में अर्पित किया जा सके.

## एक नजर में



### विधायक ने 20 घायलों को दी आर्थिक मदद

**रायसेन, 18 जुलाई .** देवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुडियाखेड़ा के पास 9 जुलाई 2025 को पिकअप वाहन पलटने से घायल हुए मजदूरों से अस्पताल पहुंचकर विधायक डॉ . प्रभुराम चौधरी ने मुलाकात कर हालचाल जाना और 5-5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की इस हादसे में कल्लू, केशर, कमल, गंगा, कमलेश, शीला, बलवान, बहादुर, सोनू, मीरा बाई, लखन, रूपसिंह, हल्की बाई, वीरेंद्र कुमार सिलावट, परसराम, राजेंद्र, रोहित कुमार सिलावट, भगवती बाई, हरिराम एवं गीता घायल हो गए थे . विधायक डॉ . चौधरी ने घायलों के उचित इलाज के लिए चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश भी दिए . स्थानीय नागरिकों व पीड़ित परिवारों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है .



### अमरनाथ यात्रियों को फूलमाला पहनाकर दी विदाई

**रायसेन, 18 जुलाई .** शहर के वार्ड 4 गोपालपुर क्षेत्र के पांच सदस्यीय तीर्थ यात्रियों के जत्थे का शुक्रवार को सुबह पिछड़ा वर्ग महासंघठन के अध्यक्ष विशाल कुशवाहा द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत कर रवाना किया . जत्थे में राजू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा भगीरथ, मूलचंद, संतोष कुशवाहा आदि शामिल हैं . जो बाबा बर्फानी के दर्शन पूजन करेंगे .

### स्कूली बच्चों ने निकाली पर्यावरण जागरुकता रैली

**सिलवानी 18 जुलाई .** लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने, क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने का संदेश देने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा नगर में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली . रैली में विद्यालय के भैया वहनो के द्वारा सहभागिता की गई . विद्याभारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित वीर शिवाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया वहनो के द्वारा प्राचार्य मयंक लाहौरी के मार्ग दर्शन में नगर में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली . स्कूल परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के मुख्य मार्गो से गुजर कर प्रांरभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई . रैली में सहभागिता कर रहे भैया वहन हाथो में पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्लोगन अंकित तख्तियां रखे हुए थे . रैली में पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओजैसे नारे लगा कर नागरिको से अधिकाधिक संख्या में पौधों का रोपण करने तथा रोपे गए पौधो को संरक्षित किए जाने का आग्रह भी कर रहे थे .

**खबर का असर . . . .** अब अंबाड़ी गांव के हितग्राही बना सकेंगे अपने अधूरे आवास

# खातों में आई पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 18 जुलाई .** रायसेन जिले के सांची विकासखंड के ग्राम अंबाडी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को दूसरी किस्त की राशि नहीं मिल पाने से काफी समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. निर्माण कार्य ठप हो गए थे और हितग्राही परेशान थे. लेकिन 13 जुलाई को नवभारत अखबार ने बारिश में पीएम आवास अधूरे, हितग्राही परेशान शीर्षक के साथ यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने संज्ञान



पीएम आवास योजना | प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त अटकी

बारिश में पीएम आवास अधूरे, हितग्राही परेशान

अदनान खान, नवभारत

सलामतपुर, 12 जुलाई. सांची जनपद की ग्राम पंचायत अंबाडी में प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन सरकारी तंत्र की सुस्ती और बजट अभाव के कारण सवालों के घेरे में हैं. यहां लगभग 50 से 60 हितग्राहियों को योजना के तहत पक्के मकान की स्वीकृति तो मिल गई, लेकिन दूसरी किस्त की राशि अटक जाने से निर्माण कार्य अधर में लटक गया है.

पहली किस्त मिलने के बाद गरीब हितग्राहियों ने अपने पुराने कच्चे मकान गिराकर निर्माण शुरू किया था. कई लोगों ने ईंट, गिट्टी, सीमेंट और सरिया उधारी पर लेकर काम चालू किया, लेकिन दूसरी किस्त अब तक न मिलने से वे न तो मकान पूरा कर पा रहे हैं और न ही उधार चुका पा रहे हैं. परिणामस्वरूप इन गरीब परिवारों पर कर्जदाताओं का दबाव बढ़ रहा है, वहीं कुछ लोग मजबूरी में किराए के घरों में शरण लिए हुए हैं.

बारिश के इन दिनों में हालात हुए और भी खराब

बिना छत के अधूरे मकानों में रहना संभव नहीं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को खासी परेशानी हो रही है. हितग्राही पंचायत के लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही जवाब मिलता है कि बजट नहीं आया है, आएगा तो भुगतान कर देंगे. यह स्थिति सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू कराती है, जहां घोषणाएं तो हो जाती हैं, लेकिन क्रियान्वयन में लापरवाही और लचर तंत्र गरीबों के लिए अभिशाप बन ...

इनका कहना है....

पीएम आवास की 1 ही किस्त मिली है. दूसरी किस्त काफी समय के बाद भी नहीं पाई है. अब लोहा, गिट्टी, सीमेंट वाले दुकानदार बार-बार रुपये मांग रहे हैं. परेशानी हो रही है.

शांति बाई, हितग्राही

आवास का काम शुरू कर दिया गया था. लेकिन रुपये की कमी के चलते काम ... गया. पीएम आवास की पहली ही किस्त मिली है. बारिश के मौसम में ... कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. किराए के घर में रहना पड़ रहा है. सुनवाई नहीं हो रही है.

अंगूरी विश्वकर्मा, हितग्राही

लिया और जल्द ही कार्रवाई की. खबर का बड़ा असर देखने को मिला है. अब ग्राम अंबाड़ी के हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि पहुंच चुकी है. राशि आने के बाद हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे हैं और वे अब बिना किसी रुकावट के अपने मकान का निर्माण कार्य आगे बढ़ा रहे हैं. हितग्राहियों ने इसके लिए प्रशासन और नवभारत अखबार दोनों का आभार व्यक्त किया है.

**हितग्राहियों को नहीं मिली थी दूसरी क़िस्त**

गांव में 50 से 60 हितग्राहियों को योजना के तहत पक्के मकान की स्वीकृति तो मिल गई थी, लेकिन दूसरी किस्त की राशि अटक जाने से निर्माण कार्य अधर में लटक गए थे . पहली किस्त मिलने के बाद गरीब हितग्राहियों ने अपने पुराने कच्चे मकान गिराकर निर्माण शुरू किया था . कई लोगों ने ईंट, गिट्टी, सीमेंट और सरिया उधारी पर लेकर काम चालू किया, लेकिन दूसरी किस्त अब तक न मिलने से वे न तो मकान पूरा कर पा रहे हैं और न ही उधार चुका पा रहे हैं . परिणामस्वरूप इन गरीब परिवारों पर कर्जदाताओं का दबाव बढ़ रहा है, वहीं कुछ लोग मजबूरी में किराए के घरों में शरण लिए हुए हैं . अब हितग्राही शांति बाई, लीला बाई, अंगूरी विश्वकर्मा, भगवान सिंह, धन सिंह सहित अन्य हितग्राही अपने अधूरे प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण पूरा कर सकेंगे .

# पुलिस ने नशे को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरुक

**सिलवानी, 18 जुलाई.** शहर में पुलिस अफसरों ने विद्यार्थियों को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्ति जन जागृति अभियान चलाया. जिसके चलते नगर के एक निजी स्कूल में विद्यार्थियों को बताया कि नशे से दूरी क्यों है जरूरी. टीआई पूनम सविता ने विद्यार्थियों को साइंटिफिक से लेकर तार्किक उदाहरणों के माध्यम से समझाया. उन्होंने बताया कि सिर्फ शराब, सिगरेट या अन्य मादक पदार्थ ही नशा नहीं है बल्कि मोबाइल व सोशल मीडिया पर होने वाली गतिविधियां भी उनके भविष्य पर बुरा असर डाल रही है. पुलिस के तत्वाधान में शुक्रवार को नगर के पुष्पा विद्यालय में नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया .